TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 18 अप्रैल

1. **विश्व विरासत दिवस–** विश्व विरासत दिवस की शुरूआत 18 अप्रैल, 1982 ई. को हुई थी। नवम्बर, 1983 में यूनेस्को के 22वें सत्र में भी 'इकोमास' के अनुमोदन को स्वीकार किया गया। इसके बाद प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को 'इंटरनेशनल मोन्युमेन्ट्स एण्ड साइट्स डे' मनाया जाने लगा जिसे विश्व विरासत दिवस भी कहा जाता है। यूनेस्को सम्पूर्ण विश्व में विशेष सांस्कृतिक अथवा भौतिक महत्व रखने वाले स्थलों जैसे– जंगल, पर्वत, इमारत, झील, द्वीप आदि को विश्व विरासत का दर्जा प्रदान करता है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** आज बच्चों को विश्व/भारत या अपने आस–पास के प्रमुख विश्व विरासत/धरोहर स्थलों के बारे में बतायें।
2. **चापेकर बन्धुओं को फाँसी–** 22 जून, 1897 ई. को पूना में प्लेग कमिश्नर वल्टर चार्ल्स रैण्ड की हत्या चापेकर बन्धुओं द्वारा की गई थी। इस हत्या का मुख्य कारण पूना का अव्यवस्था और अत्याचार था। इसमें लेफ्टिनेंट आयर्स्ट भी अकस्मात् मारे गये। चापेकर बन्धु पकड़े गए, दोषी पाए गए तथा 18 अप्रैल, 1898 ई. को फाँसी दे दी गयी। दामोदर हरि तथा बालकृष्ण हरि जो कि चापेकर बंधु के नाम से मशहुर थे, 1896–97 में पूना में 'व्यायाम मंडल' की स्थापना की थी। जिसका उद्देश्य ब्रिटिश हुकुमत के विरोध में युवकों को संगठित कर व्यायाम और शस्त्र संचालन की शिक्षा देकर एक ऐसा गुट तैयार करना था, जो देश के लिए प्राणों की बाजी लगाने को तैयार हो।
   - **संदर्भ: अतीत से वर्तमान, भाग 3, अध्याय 12**, पृष्ठ 195
3. **भूदान आंदोलन–** विनोबा भावे के नेतृत्व में भूदान आंदोलन 18 अप्रैल, 1952 ई. को शुरू हुआ था। विनोबा भावे के पूरे देश की पद यात्रा के दौरान जब वे आंध्रप्रदेश के एक गांव पोचम्पल्ली पहुँचें तो कुछ ग्रामीणों ने उन्हें भूमि प्रदान की थी। उन्हें भूदान के जनक प्रथम व्यक्तिगत सत्याग्रही के रूप में याद किया जाता है।
4. **चटगांव शस्त्रागार पर हमला–** सूर्यसेन उर्फ "मास्टर दा" के नेतृत्व में इंडियन रिपब्लिकन आर्मी के 62 लोगों ने 18 अप्रैल, 1930 ई. को चटगांव स्थित सरकारी शस्त्रागार पर हमला बोल दिया।
   - **बच्चों को क्या दिखायें?** इस घटना पर बनी फिल्म 'खेलें हम जी जान से' (2010) बच्चों को दिखायें।
5. **तांत्या टोपे को फाँसी–** सिंधिया के एक सामंत मानसिंह के गद्दारी के कारण 8 अप्रैल, 1859 को सोते हुए तांत्या टोपे को पकड़ लिया गया। 18 अप्रैल, 1859 को उन्हें मध्यप्रदेश के शिवपुरी में फाँसी दे दी गई।

T h u r s d a y

/teachersofbihar

*Madhu priya*

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

18 अप्रैल

## मधु प्रिया


## विश्व विरासत(धरोहर) दिवस 18 अप्रैल



किसी भी देश के लिए उसकी धरोहर उसकी अमूल्य संस्कृति होती है। किसी भी देश की पहचान, वहां की सभ्यता की जानकारी इन धरोहरों से ही पता चलती है। आज देश का गौरव बढ़ाने का काम यह धरोहरें ही कर रही हैं। जिन्हें देखने के लिए देश-विदेश से लाखों पर्यटक प्रत्येक वर्ष एक देश से दूसरे देश, एक राज्य से दूसरे राज्य जाते हैं। यदि यह धरोहर यह विरासत ना हो तो हम कभी किसी का इतिहास नहीं जान पाएगें। अतीत हर व्यक्ति, हर देश के लिए बहुत जरुरी है। इतिहास में कब, क्या, कहां घटित हुआ यह जानना अति आश्यक है। इन्हीं घटनाओं, सभ्यताओं और इतिहास की संस्कृति को जीवित रखने के उद्देशय से प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को पूरे विश्व में विस्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। आईसीओएमओएस (स्मारकों और स्थलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय परिषद) ने 18 अप्रैल 1 9 82 को ट्यूनीशिया में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें यह सुझाव दिया गया कि सभ्यता को बचा कर रखने के लिए और इन धरोहरों के संरक्षण के लिए एक विशेष दिन चुनना आवश्यक है ताकि जनता को जागरुक कर सकें। जिसके परिणाम स्वरुप 18 अप्रैल का दिन चुना गया। जिसे प्रत्येक वर्ष विश्व धरोहर दिवस के रुप में मनाया जाता है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी अपनी सभ्यता और इतिहास से भली भांति परिचित हो सके। इस वर्ष विश्व धरोहर दिवस 18 अप्रैल (रविवार) को मनाया जा रहा है।

# पुण्यतिथि विशेष 18 अप्रैल

राकेश कुमार




**अलबर्ट आइंस्टाइन** *Albert Einstein*, जन्म: 14 मार्च, 1879; मृत्यु: 18 अप्रैल, 1955) एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक और सैद्धांतिक भौतिकविद् थे। वे सापेक्षता के सिद्धांत और द्रव्यमान-ऊर्जा समीकरण **E = mc2** के लिए जाने जाते हैं। उन्हें सैद्धांतिक भौतिकी, ख़ासकर प्रकाश-विद्युत ऊत्सर्जन की खोज के लिए 1921 में 'नोबेल पुरस्कार' मिला था।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 18.04.2024

## अभिक्षमता

अभिक्षमता (aptitude) से आशय निश्चित प्रकार के कार्य को कर सकने की क्षमता (competency) से है। इसे 'योग्यता' (talent) माना जा सकता है। अभिक्षमता, शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की हो सकती है। लेकिन बढ़ा हुआ ज्ञान-स्तर, समझ, सीखे हुए कौशल या अभिवृत्ति आदि अभिक्षमता के अन्तर्गत नहीं आते। अभिक्षमता, 'जन्मजात प्रकृति' की है, न कि कुछ प्राप्त की गयी या सीखी गयी चीज।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



एलन मस्क ने **ट्विटर (X)** के नए सब्सक्रिप्शन मॉडल **'नॉट अ बॉट'** को लॉन्च किया है, जिसमें **यूजर्स** को दूसरे के अकाउंट पर किए गए पोस्ट को **लाइक** या **रिपोस्ट** (Repost) करने के लिए **फीस** चुकाना पड़ेगा।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## क्रिकेट

# 2027 वनडे वर्ल्ड कप



**14** टीमें 2027 वनडे वर्ल्ड कप में खेलेंगी

**10** टीमें ICC रैंकिंग से क्वालीफाई करेंगी

**4** टीमें क्वालीफायर राउंड से पहुंचेंगी

### नामीबिया को मिला पहली बार मौका

यह इतिहास में दूसरी बार होगा जब साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे ICC वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करेंगे। इससे पहले दोनों देश 2003 में भी वर्ल्ड कप की मेजबानी कर चुके हैं। हालांकि, यह पहली बार होगा कि नामीबिया को टूर्नामेंट की मेजबानी करने का मौका दिया गया है।

भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के एक प्रमुख सेनानायक सन 1857 के महान विद्रोह में महत्त्वपूर्ण, प्रेरणादायक भूमिका निभाने वाले



**रामचंद्र पाण्डुरंग राव यवलकर (तात्या टोपे)**

जी की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

जन्म-16 फरवरी 1814 – मृत्यु-18 अप्रैल 1859


www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी, सापेक्षता के विशेष और सामान्य सिद्धांतों को विकसित करने वाले एवं भौतिकी के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले

# अल्बर्ट आइंस्टीन

जी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।




जन्म - 14 मार्च 1879 - मृत्यु - 18 अप्रैल 1955

$E = mc^2$

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

18 अप्रैल



"विश्व विरासत दिवस "को मनाने का उद्देश्य ग्रह पर सांस्कृतिक विरासत और विविधता के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है।

# विश्व विरासत दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं।



www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

पुण्यतिथि विशेष


18 अप्रैल 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

ज़िन्दगी साइकिल चलाने की तरह है. अपना बैलेंस बनाए रखने के लिए आपको चलते रहना होता है।



**अल्बर्ट आइंस्टीन**

( वैज्ञानिक )

जन्म: 14 मार्च 1879 मृत्यु: 18 अप्रैल 1955

राकेश कुमार